हिंदी दैनिक खबर
# केशववाणी
हर पल, हमारी खबर
शनिवार 9 मई 2026 बर्ष 02 अंक 122 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

**अनमोल वचन**
जीवन में कभी भी संघर्ष से डरना नहीं चाहिए, क्योंकि संघर्ष ही जीवन का सार है, इसके बिना कोई भी सफलता संभव नहीं है।

## ग्रामीण विकास विभाग एवं सूचना जनसंपर्क विभाग में मंत्री श्रवण कुमार ने संभाला पदभार, विकास योजनाओं को गति देने की कही बात

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट पटना।** बिहार सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में पुनः जिम्मेदारी मिलने के बाद श्रवण कुमार ने शुक्रवार को ग्रामीण विकास विभाग में विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के अवसर पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विभाग का माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मंत्री का अभिनंदन किया तथा विभाग की ओर से शुभकामनाएं दीं। पदभार ग्रहण समारोह में विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। पदभार संभालने के बाद श्रवण कुमार ने अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं, ग्रामीण विकास कार्यों एवं सरकार की प्राथमिकताओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग राज्य के गांवों की तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सरकार की योजनाओं को गांव–गांव तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना तथा जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। मंत्री ने कहा कि ग्रामीण सड़कों, आवास, रोजगार, स्वच्छता, जल संरक्षण एवं सामाजिक विकास से जुड़ी योजनाओं को और अधिक गति दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए,



ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इस अवसर पर हिमांशु शर्मा, सुमित कुमार सहित विभाग के वरीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मंत्री को विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं वर्तमान कार्यों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उम्मीद जताई कि श्रवण कुमार के अनुभव एवं नेतृत्व में ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं को नई गति मिलेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य और अधिक प्रभावी तरीके से आगे बढ़ेंगे।



## मंत्री बनाए जाने पर श्रवण कुमार को दी गई बधाई, जदयू कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार सरकार में जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार को एक बार फिर मंत्री बनाए जाने पर नालंदा जिले में खुशी और उत्साह का माहौल है। मंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने की खबर के बाद जदयू कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह देखा जा रहा है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया तथा इसे नालंदा जिले के लिए गौरव का क्षण बताया। इसी क्रम में जनता दल यूनाइटेड किसान प्रकोष्ठ के नेता त्रिनयन कुमार ने पटना स्थित सरकारी आवास पहुंचकर मंत्री श्रवण कुमार को गुलदस्ता भेंट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दोबारा मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपना उनके अनुभव, कार्यशैली और जनता के प्रति समर्पण का परिणाम है। त्रिनयन कुमार ने कहा कि नालंदा जिले से श्रवण कुमार एवं निशांत कुमार को राज्य सरकार में मंत्री पद मिलने से जिले के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं के नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई एवं ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि निशांत कुमार युवा सोच और आधुनिक दृष्टिकोण रखने वाले नेता हैं। स्वास्थ्य विभाग में नई तकनीकों को बढ़ावा देने तथा स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए वे गंभीरता के साथ कार्य करेंगे। इससे न केवल नालंदा बल्कि पूरे बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था को लाभ मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा और आम लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। साथ ही उन्होंने कहा कि मंत्री श्रवण कुमार अपने लंबे राजनीतिक अनुभव और विकासोन्मुख सोच के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनके नेतृत्व में गांवों में सड़क, पेयजल, शिक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जदयू सरकार हमेशा विकास और जनकल्याण की राजनीति करती रही है तथा आने वाले समय में बिहार और नालंदा जिले में विकास कार्यों को और गति मिलेगी। मंत्री पद पर पुनः नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह आया है और सभी लोग सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेंगे।

## बिहार की राजनीति में नई पीढ़ी की एंट्री, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार बने स्वास्थ्य मंत्री

**केशववाणी राकेश कुमार सिन्हा की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** बिहार की राजनीति में एक नया और अहम मोड़ ले लिया, जब पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने सम्राट चौधरी कैबिनेट में स्वास्थ्य मंत्री पद की शपथ ग्रहण की। बता दें कि गुरुवार को पटना के गांधी मैदान में आयोजित समारोह के दौरान राज्यपाल ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समर्थक और गणमान्य लोग मौजूद रहे। राजनीति में हाल ही में कदम रखने वाले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार का इतनी जल्दी सरकार के मुख्य ढांचे में शामिल होना प्रदेश की राजनीति में बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम जेडीयू के भीतर नई नेतृत्व पीढ़ी को आगे लाने की रणनीति का हिस्सा हो सकता है। गौरतलब है कि निशांत कुमार फिलहाल राज्य विधानमंडल के किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं। वे न तो विधायक हैं और न ही विधान परिषद के सदस्य। ऐसे में संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार उन्हें मंत्री पद पर बने रहने के लिए शपथ ग्रहण की तिथि से छह महीने के भीतर किसी एक सदन की सदस्यता हासिल करनी होगी। कयास लगाए जा रहे हैं कि उन्हें जल्द ही विधान परिषद के रास्ते सदन में भेजा जा सकता है।

**8 मार्च को हुई थी राजनीति में एंट्री**

निशांत कुमार ने इसी वर्ष 8 मार्च को जनता दल यूनाइटेड की प्राथमिक सदस्यता लेकर सक्रिय राजनीति में प्रवेश किया था।



सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके और अब तक सार्वजनिक जीवन से दूर रहने वाले निशांत कुमार ने राजनीति में आने के बाद अपने पिता के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई थी। करीब 45 वर्षीय निशांत कुमार अपनी सादगी और आध्यात्मिक झुकाव के लिए जाने जाते हैं। मंत्री पद की शपथ के बाद समर्थकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। उनके पैतृक गांव हरनौत के कल्याण बीघा में खास करके युवा कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह है। वहीं राजनीतिक हलकों में इसे बिहार की राजनीति में नए नेतृत्व के उभार के रूप में देखा जा रहा है। जदयू कार्यकर्ता रविकांत कुमार, संजय कांत सिन्हा, इंजीनियर रविशंकर, संतोष कुमार,रोहित सिंह, कक्कू सिंह,अवधेश सिंह, कुशेश्वर सिंह, प्रिंस कुमार,भोला कुमार,मंटू कुमार, पिंटू कुमार, पप्पू कुमार, बंटी कुमार समेत हरनौत प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ो जदयू कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। स्थानीय कार्यकर्ता लोग लगातार निशांत कुमार को मंत्री बनने को लेकर मांग कर रहे थे। मंत्री बनाए जाने पर स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई दी है।




अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# सिलाव में मानव तस्करी का खुलासा – आर्केस्ट्रा में जबरन नृत्य करवाई जा रही 3 नाबालिग समेत 4 लड़कियां मुक्त, संचालिका सहित 4 गिरफ्तार



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट सिलाव(नालंदा)।** नालंदा जिले के सिलाव थाना क्षेत्र में मानव तस्करी और जबरन आर्केस्ट्रा में नृत्य करवाने के बड़े मामले का खुलासा हुआ है। सिलाव थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या–06 स्थित एक किराये के मकान में संचालित दो आर्केस्ट्रा ग्रुपों में छापेमारी कर पुलिस ने 3 नाबालिग एवं 1 बालिग पीड़िता सहित कुल 4 लड़कियों को मुक्त कराया है। वहीं इस मामले में आर्केस्ट्रा संचालक एवं संचालिका समेत कुल 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक, कमजोर वर्ग, अपराध अनुसंधान विभाग, बिहार पटना डॉ. अमित जैन के निर्देश तथा पुलिस अधीक्षक नालंदा के मार्गदर्शन में की गई। एएचटीयू टीम, सिलाव थाना, महिला थाना एवं एसोसिएशन फॉर वॉलेन्ट्री एक्शन के संयुक्त सहयोग से यह विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस के अनुसार, पीड़ित लड़कियों को मानव तस्करी के जरिए विभिन्न स्थानों से लाकर आर्केस्ट्रा ग्रुप में रखा गया था। उनसे प्रताड़ित कर जबरन नृत्य करवाया जाता था। सूचना मिलने के बाद संयुक्त टीम ने किराये के मकान में छापेमारी कर सभी पीड़िताओं को सुरक्षित मुक्त कराया।

मामले में गिरफ्तार आरोपियों में भोजपुर जिले के बखोरापुर निवासी रौशनी कुमारी, मध्य प्रदेश के सिंहरौली जिले के गढ़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत नौवडीहा निवासी अनुप कुमार वंशल, नूरसराय थाना क्षेत्र के धरमपुर निवासी पवन कुमार तथा छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के पतनाथु थाना क्षेत्र के कसारडीह निवासी धीरज प्रकाश शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।इस छा. पेमारी अभियान में एएचटीयू प्रभारी पुनि लालमणि दुबे, साइबर थाना के पुनि कुमार उपा सिन्हा, सिलाव थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार, महिला थाना थानाध्यक्ष पुनम कुमारी, सोहसराय थाना की ब्यूटी कुमारी सहित एसोसिएशन फॉर वॉलेन्ट्री एक्शन के राज्य समन्वयक संतोष दुबे, मुकुन्द चौधरी, अनुपम कुमारी, शिवशंकर ठाकुर, जिला समन्वयक मंटु कुमार तथा जिला बाल संरक्षण इकाई नालंदा के रंजन कुमार पाठक शामिल रहे।

# नकली पुलिसकर्मी बनकर वसूली करने वाला शातिर गिरफ्तार, घर से मिली पुलिस वर्दी और फर्जी ऑफिस



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा जिले की लहेरी थाना पुलिस ने खाकी का धौंस दिखाकर आम लोगों एवं वाहन चालकों से अवैध वसूली करने वाले एक शातिर जालसाज को गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को पुलिसकर्मी बताकर यातायात नियमों के उल्लंघन के नाम पर लोगों को डराता–धमकाता था और उनसे मोटी रकम की उगाही करता था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विपिन पासवान के रूप में हुई है, जो दीपनगर थाना क्षेत्र के डुमरावां गांव का निवासी बताया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से पुलिस की वर्दी, जूते, कैप तथा अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किए हैं। इतना ही नहीं, आरोपी ने अपने घर में एक कमरे को पूरी तरह कार्यालय की तरह सजा रखा था, जहां से फर्जी पुलिस गतिविधियों से जुड़े कई सामान मिले हैं। रंजीत कुमार रजक ने बताया कि गुरुवार की शाम गश्ती के दौरान पुलिस को यह सफलता मिली। गश्ती टीम जब नाजो मॉल के पास पहुंची, तभी एक टोटो चालक भागते हुए पुलिसकर्मियों के पास पहुंचा और बताया कि एक युवक खुद को पुलिसकर्मी बताकर उसे बंधक बनाए हुए है। टोटो चालक के अनुसार आरोपी उसे कभी बिहार थाना क्षेत्र तो कभी लहेरी थाना क्षेत्र में घुमा रहा था और चालान काटने के नाम पर 25 हजार रुपये की मांग कर रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस वाहन को देखते ही संदिग्ध युवक भागने लगा, लेकिन गश्ती दल ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी के मोबाइल फोन की जांच की गई, जिसमें पुलिस की वर्दी पहने उसकी कई तस्वीरें मिलीं। इसके बाद पुलिस ने उसके घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक कमरे को कार्यालय की तरह सजा हुआ पाया गया। वहां से दो–तीन सेट पुलिस वर्दी, जूते, कैप और अन्य सामान बरामद किए गए। प्रारंभिक पूछताछ में विपिन पासवान ने स्वीकार किया कि वह पिछले डेढ़ से दो वर्षों से फर्जी पुलिसकर्मी बनकर बाइक और टोटो चालकों से ठगी करता आ रहा था। हालांकि पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है।फिलहाल पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी ने पुलिस की वर्दी और अन्य साजो–सामान कहां से हासिल किए। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस ठगी में उसके साथ और कौन–कौन लोग शामिल थे तथा उसने अब तक कितने लोगों को अपना शिकार बनाया। इस कार्रवाई में सर्वेश कुमार, ऋतु रंजन एवं नीतीश रंजन सहित पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अब आरोपी के अन्य संभावित शिकारों एवं गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी हुई है।

# अमरेंद्र पासवान हत्याकांड में एनसीपी ने की एसआईटी गठन और त्वरित कार्रवाई की मांग



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के जिलाध्यक्ष राजकुमार पासवान ने प्रेस बयान जारी कर बिहारशरीफ प्रखंड के रामजीचक गांव निवासी 17 वर्षीय अमरेंद्र पासवान की हत्या मामले में प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मृतक छात्र अमरेंद्र पासवान की बेरहमी से हत्या कर शव को गांव के नदी पुल के नीचे फेंक दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मृतक के परिजन जब अनुसूचित जाति एवं जनजाति थाना में मामला दर्ज कराने पहुंचे तो उनकी प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की गई।


राजकुमार पासवान ने कहा कि यदि पुलिस समय रहते मामले की गंभीरता को समझकर कार्रवाई करती, तो एक गरीब एवं पढ़ाई करने वाले छात्र की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले के कई थानों में आम लोगों की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जाता, जिससे अपराधियों का मनोबल बढ़ रहा है।एनसीपी जिलाध्यक्ष ने जिला प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच के लिए विशेष जांच दल (ैप्ज) का गठन किया जाए तथा एक सप्ताह के भीतर दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने स्पीडी ट्रायल चलाकर आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की। उन्होंने मृतक के परिजनों को 20 लाख रुपये मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की। इसके अलावा संबंधित लापरवाह एवं भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग की गई।

नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी।



# पचरुखिया मोड़ के पास सड़क हादसे में युवक की मौत, चचेरा भाई गंभीर घायल

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर–राजगीर सड़क मार्ग पर खोदागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पचरुखिया मोड़ के समीप गुरुवार की रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान महम्मदपुर गांव निवासी हरेंद्र कुमार के रूप में की गई है, जो विनय साव के पुत्र थे। वहीं हादसे में घायल युवक की पहचान विकास कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार हरेंद्र कुमार अपने चचेरे भाई विकास कुमार के साथ पचरुखिया गांव में राजमिस्त्री का काम समाप्त कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पचरुखिया मोड़ के समीप एक अनियंत्रित पिकअप वैन ने उनकी बाइक में जा. `रदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि हरेंद्र कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विकास कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। इधर घटना के बाद मृतक के परिजनों ने अस्पताल व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक के परिजन ब्रह्मदेव गोप ने बताया कि रात करीब एक बजे से वे लोग अस्पताल में इलाज के लिए इंतजार करते रहे, लेकिन कोई स्वास्थ्यकर्मी समय पर इलाज के लिए नहीं आया। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल कर्मियों द्वारा डीएम का आदेश लाने जैसी बातें कहकर उन्हें परेशान किया गया। परिजनों का कहना है कि गरीबों की सुनने वाला अस्पताल में कोई नहीं है और स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। वहीं दुर्गेश कुमार गहलोत ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला तेज रफ्तार बाइक के पिकअप वैन में पीछे से टकराने का प्रतीत होता है। दुर्घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने पिकअप वैन एवं क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने शव का पा. `स्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे महम्मदपुर गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।



# नूरसराय पहुंचे मंत्री श्रवण कुमार, कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत, बोले- डबल इंजन सरकार में विकास को मिलेगी नई गति

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट नूरसराय (नालंदा)।** बिहार सरकार में ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री बनाए जाने के बाद श्रवण कुमार शुक्रवार को नालंदा जिले के नूरसराय पहुंचे, जहां उन्होंने एक निजी कार्यक्रम में भाग लिया। मंत्री के आगमन पर जदयू कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने गर्मजोशी के साथ उनका भव्य स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम स्थल पर उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने मंत्री को फूल–मालाओं एवं गुलद. स्ते देकर सम्मानित किया। इस दौरान समर्थकों ने नारेबाजी कर उनका स्वागत किया और मंत्री बनने पर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता एवं आम लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार लगातार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास एवं आधारभूत संरचनाओं के क्षेत्र में तेजी से काम हो रहा है और आने वाले समय में विकास कार्यों को और गति दी जाएगी। मंत्री ने कहा कि उन्हें ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी मिली है, जिसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जवाबदेही के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। गांवों में सड़क, आवास, रोजगार, पेयजल एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में प्रभावी कार्य किया



जाएगा।उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। विभाग के माध्यम से सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को जनता तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।वहीं पश्चिम बंगाल में एनडीए की सरकार बनने को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए श्रवण कुमार ने कहा कि उनकी ओर से पश्चिम बंगाल की जनता एवं एनडीए गठबंधन को हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा कि बंगाल में लंबे समय से भय एवं आतंक का माहौल बना हुआ था, जिसे समाप्त करने के लिए नई सरकार सकारात्मक दिशा में कार्य करेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि वहां की जनता को अब विकास एवं सुशासन का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत बनाने तथा सरकार की योजनाओं को गांव–गांव तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास के कारण ही सरकार को मजबूती मिली है और इसी विश्वास के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा।



# कार्यकर्ता को मिलता है पार्टी में सम्मान- जदयू

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार सरकार में नालन्दा से श्रवण कुमार एवं निशांत कुमार को मंत्री परिषद का सदस्य बनायें जाने को लेकर नालन्दा जिला जनता दल यूनाइटेड कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि श्रवण कुमार निशांत कुमार को मंत्री परिषद का सदस्य बनायें जाने से पार्टी को काफी मजबूती मिली है श्रवण कुमार पार्टी के स्थापना काल से ही सच्चे सिपाही की तरह कार्य करते रहते हैं हमेशा उनके नीतियों एवं सिद्धांतों पर चलकर उनके हर निर्देश का अनुपालन करते है।जनता एवं कार्यकर्ताओं के लिए उनका दरवाजा हमेशा खुला रहता है श्रवण कुमार वें लगातार 8 वीं बार नालन्दा विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनें राजनीति में सेवा समर्पण और सादगी नेतृत्व के प्रति निष्ठा के पर्याय हैं वर्षो से नीतीश कुमार के सबसे भरोसेमंद सहयोगी जेपी आंदोलन से लेकर समता पार्टी की स्थापना और आज तक हर राजनीतिक उतार–चढ़ाव में कंधे से कंधे मिलाकर साथ रहे। क्षेत्र में उनकी छवि एक ऐसे नेता की है जो पद पर रहे या ना रहे जनता के बीच हमेशा उपलब्ध रहते हैं।जननायक कर्पूरी ठाकुर के सानिध्य में रा. जनीति का पाठ लेकर एवं उनके विचारों से अभिप्रेरित होकर गरीबों शोषितों वंचितों अतिपिछड़ों का हक हुक्कू लड़ाई के नायक बनें।इनके व्यक्तित्व में कर्पूरी लोहिया जयप्रकाश एवं नीतीश कुमार के व्यक्तित्व का एवं विचारों समावेश दिखाई पड़ता है वहीं निशांत कुमार इंजीनियर शिक्षित है युवा है उर्जावान है सादगी भरा जीवन है युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय है उन्हें मंत्री मंडल में शामिल कियें जाने पर छात्र युवा महिलाओं किसानों सहित कार्यकर्ताओं का जोश, उत्साह एवं आत्म. विश्वास चरम पर दिखाई दे रहा है। कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और संगठनात्मक उत्साह का संचार स्पष्ट रूप से देखने को मिलेगा। सद्भाव यात्रा के क्रम में जन–विश्वास,विकास और सुशासन के संकल्प के साथ आगे बढ़ती दिखाई दे रही है, जो संगठन को मजबूत करते हुए नए बिहार की दिशा तय कर रही है।न्याय के साथ विकास और सुशासन का मांडल सहित नीतीश कुमार के नीतियों और सिद्धांतों को मजबूती के जनता के बीच लेकर जायेंगे पार्टी को मजबूत बनाने का काम करते रहेंगे।जदयू की ओर से युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय निशांत कुमार को कार्यकर्ता से नेता बने श्रवण कुमार को मंत्री परिषद में शामिल कियें जाने वाले निर्णय को लेकर सर्वमान्य नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री विकास पुरुष नीतीश कुमार के प्रति हृदय की गहराइयों से सभी कार्यकर्ता आभार प्रकट करते हैं वंदन करते हैं अभिनंदन करते हैं दोनों नेता अपने कामों से जनता का प्रेम और सम्मान प्राप्त करेंगे। वे नीतीश कुमार के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे।उन्होंने जो कार्य शुरू किये हैं,उसे आगे लेकर जाएंगे और उनके अधूरे कार्यों को पूरा करेंगे। नीतीश कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान 20 वर्षों में जो काम किये हैं उसी राह पर वे आगे बढ़ेंगे। समृद्धि यात्रा के दौरान किए सभी वायदों को पूरा भी करेंगे।इस अवसर पर बधाई देने वालों में वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद जिलाध्यक्ष मो अरशद जदयू प्रवक्ता डा धनंजय कुमार देव गुलरेज अंसारी संजयकांत सिन्हा रंजीत कुमार मुन्ना कुमार मुकेश सिंह जयराम सिंह संजय कुशवाहा डा अरविंद कुमार शैलेश कुमार जनार्दन पंडित अजय चंद्रवंशी युवाध्यक्ष धीरज पटेल प्रतीम राज उर्फ सन्नी पटेल संजीत यादव सुनील रविदास निरंजना गुप्ता राहुल कुशवाहा इमरान रिजवी मिंटू चौधरी अरविंद पटेल पंकज कुमार सोनी लाल अमित कुमार रिक्की हिलसा मुख्य पार्षद धनंजय कुमार सर्वेश कुमार शैलेन्द्र गराई डा सुनील दत्त संजीत यादव विकास शर्मा राहुल रंजन कुशवाहा त्रिनयन कुमार निरंजना गुप्ता सचिन पटेल बब्लू पटेल संजीत पासवान सहित कई कार्यकर्ता ने दी।

# मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं – सांसद कौशलेंद्र कुमार

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बिहारशरीफ अस्पताल चौक स्थित रेड क्रॉस भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने ध्वजारोहण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने रेड क्रॉस भवन परिसर में तुलसी एवं अशोक का पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में सांसद का स्वागत डॉ. श्याम बिहारी, सुधीर कुमार तथा राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से अंगवस्त्र प्रदान कर किया। अपने संबोधन में सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म और कर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना वर्ष 1920 में हुई थी और आज देशभर में इसकी लगभग 1200 शाखाएं कार्य कर रही हैं। रेड क्रॉस संस्था स्वैच्छिक रक्तदान, स्वास्थ्य सेवा एवं सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से लगातार मानवता की सेवा कर रही है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सहायता करना हम सभी का दायित्व है। सांसद ने कहा कि डॉ. श्याम बिहारी के नेतृत्व में नालंदा जिला रेड क्रॉस सा. ेसाइटी लगातार चिकित्सा एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। इसके लिए उन्होंने संस्था के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं



दीं तथा अधिक से अधिक लोगों से रेड क्रॉस से जुड़ने की अपील की।वहीं डॉ. श्याम बिहारी ने कहा कि सांसद का सहयोग संस्था को लगातार मिलता रहा है। उन्होंने बताया कि सांसद द्वारा रेड क्रॉस को मरीजों की सेवा के लिए एंबुलेंस, कॉफिन बॉक्स, ऑक्सीजन सिलेंडर सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए उन्होंने सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भरोसा दिलाया कि रेड क्रॉस सोसाइटी नालंदा जिले के लोगों की सेवा के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम में डॉ. बालमुकुंद प्रसाद, डॉ. इंद्रजीत, डॉ. दीनानाथ वर्मा, डॉ. धनंजय देव, अमित कुमार, कुमार मंगलम, धीरज पाठक, परमेश्वर महतो एवं बिहारी जी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रिश्वत लेते स्वास्थ्य केंद्र का लिपिक गिरफ्तार, निगरानी ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट जमुइ (नालंदा)।** भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सोनो के लिपिक रूपेश कुमार को 37 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को उसके कार्यालय कक्ष से पकड़ा गया। कार. ेवाई के दौरान उसके कार्यालय की तलाशी में 35 हजार रुपये अतिरिक्त नकद भी बरामद किए गए हैं। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, परिवादिनी राजनंदनी, निवासी गांधीपुर, बरियारपुर, जिला मुंगेर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि जून 2025 में योगदान देने के बावजूद अब तक उनका वेतन भुगतान नहीं किया गया था। आरोप है कि वेतन भुगतान संबंधी विपत्र भेजने के एवज में आरोपी लिपिक द्वारा एक माह का पूरा वेतन रिश्वत के रूप में मांगा जा रहा था।शिकायत मिलने के बाद निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने मामले का सत्यापन कराया। जांच में रिश्वत मांगने की पुष्टि होने पर निगरानी थाना कांड संख्या 053/26, दिनांक 07 मई 2026 दर्ज किया गया। इसके बाद पवन कुमार के नेतृत्व में विशेष धावादल का गठन कर कार्रवाई की गई।धावादल ने शुक्रवार को छा. पेमारी कर आरोपी रूपेश कुमार को 37 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कार्यालय कक्ष में रखी अलमारी से 35 हजार रुपये अतिरिक्त नकद भी बरामद किए गए।

निगरानी ब्यूरो के अधिकारियों ने बताया कि आरा. ेपी से पूछताछ के बाद उसे विशेष निगरानी न्यायालय, भागलपुर में प्रस्तुत किया जाएगा। मामले में आगे की जांच जारी है।






# नालंदा में रोजगार एवं कौशल विकास योजनाओं को लेकर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** युवा रोजगार एवं कौशल विभाग, बिहार पटना के तत्वावधान में जिला नियोजनालय, नालंदा द्वारा नालंदा समाहरणालय स्थित हरदेव भवन सभागार में विभिन्न रोजगार एवं कौशल विकास योजनाओं को लेकर जागरूकता कार्यक्रम–सह–कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, शिक्षण संस्थानों एवं उद्योगपतियों को रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (PMIS), राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (NAPS) एवं मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना (CM Pratigya) जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन सुनील कुमार, शुभम कुमार, संजय कुमार एवं मो. आकिफ वक्कास द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज. ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि सुनील कुमार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना तथा मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के उद्देश्यों, लाभों एवं रोजगार सृजन में उनकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण, रोजगार एवं कौशल विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वहीं शुभम कुमार ने स्थानीय उद्योगपतियों



से इन योजनाओं में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए कहा कि उद्योग एवं संस्थानों के सहयोग से युवाओं को रोजगार एवं प्रशिक्षण के अधिक अवसर मिल सकेंगे। बिहार कौशल विकास मिशन के समन्वयक संजय कुमार ने बिहार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कौशल विकास कार्यक्रम चला रही है।जिला नियोजन पदाधिकारी मो. आकिफ वक्कास ने योजनाओं की कार्यप्रणाली एवं लाभों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने उद्योगपतियों को विभाग द्वारा संचा. लित रोजगार एवं कौशल विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए युवाओं से स्वरोजगार एवं उद्यमिता की दिशा में आगे आने की अपील की। इस अवसर पर ताप्ति भट्टाचार्य, आशीष कुमार, रशेष रंजन सहित विभिन्न सरकारी एवं निजी आईटीआई के प्राचार्य एवं कर्मी, कल्पना कुमारी, जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्राचार्य, विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं स्थानीय उद्योगपति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 200 लोगों की सहभागिता रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला नियोजन कार्यालय के लिपिक राम मोहन सिंह, जिला कौशल प्रबंधकों एवं कार्यालय के सभी कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# समाजवाद और परिवारवाद के नाम पर जनता को ठगने का काम हुआ – उपेंद्र कुमार विभूति

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** जनसुराज के प्रदेश अध्यक्ष (व्यवसायिक प्रकोष्ठ) उपेंद्र कुमार विभूति ने बिहार में मंत्रिमंडल गठन को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वर्षों से खुद को समाजवादी राजनीति का प्रतिनिधि बताने वाले नेताओं ने केवल भाषण देने का काम किया, जबकि अवसर मिलने पर परिवा. रवाद और निजी स्वार्थ को ही प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार, रामविलास पासवान, जगन्नाथ मिश्रा, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी जैसे नेताओं ने हमेशा परिवारवाद के खिलाफ राजनीति की बात की, लेकिन सत्ता और अवसर मिलने पर अपने परिवार के सदस्यों को आगे बढ़ाने से पीछे नहीं हटे। श्री विभूति ने आरोप लगाया कि बिना किसी जनसंघर्ष और चुनावी परीक्षा के कई नेताओं के पुत्रों को मंत्री पद तक पहुंचा दिया गया। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की मूल भावना के विपरीत है।उन्होंने आगे कहा कि आज की रा. जनीति में कुछ दल और नेता केवल सत्ता की सीढ़ी बनकर रह गए हैं। उनका कहना था, जो लोग स्वयं राजनीतिक पायदान बन चुके हैं, उनसे अति पिछड़े, दलित और वंचित समाज के वास्त. विक उत्थान की उम्मीद करना स्वयं को छलने जैसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सामाजिक न्याय और समाजवाद के नाम पर वर्षों तक जनता की भावनाओं का राजनीतिक उपयोग किया गया, जबकि वास्तविक लाभ केवल चुनिंदा परिवारों तक सीमित रहा। अपने बयान के अंत में उपेंद्र कुमार विभूति ने कहा कि बिहार की जनता अब जागरूक हो रही है और आने वाले समय में परिवारवाद, अवसरवाद और सत्ता–लालसा की रा. जनीति को जवाब देने का काम करेगी।


# हिलसा–2 पुलिस अनुमंडल में अपराध समीक्षा बैठक, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट इस्लामपुर(नालंदा)।** हिलसा–2 (इस्लामपुर) पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में कानून–व्यवस्था को मजबूत बनाने एवं अपराध नियंत्रण को लेकर शुक्रवार को एसडीपीओ कार्यालय में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी अंचल निरीक्षक एवं थानाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निष्पादन एवं पुलिस आधुनिकीकरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सभी थाना प्रभारियों को लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। विशेष रूप से महिला, बच्चों एवं वृद्धजनों से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने को कहा गया। इसके अलावा एससी–एसटी एक्ट, पॉक्सो एक्ट एवं आर्म्स एक्ट से जुड़े मामलों की शीघ्र जांच एवं कार्रवाई पर भी जोर दिया गया। समीक्षा बैठक में पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप पुलिस आधुनिकीकरण के तहत सीटीएनएस पोर्टल, ई–साक्ष्य ऐप एवं एनआईसी ईमेल के नियमित उपयोग का निर्देश दिया गया। अधिकारियों से कहा गया कि सभी गंभीर मामलों में फॉरेंसिक टीम का सहयोग लिया जाए तथा घटनास्थल की एफएसएल जांच अनिवार्य रूप से कराई जाए।बैठक के दौरान अवैध खनन एवं शराब कारोबार के खिलाफ प्रभावी छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश भी दिया गया। भूमि विवाद से जुड़े मामलों को शनिवारीय बैठक के माध्यम से निष्पादित करने पर बल दिया गया ताकि विवादों का समय पर समाधान हो सके। एसडीपीओ ने सभी थाना प्रभारियों को मंदिर, मस्जिद, मजार, मेला एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों का नियमित सुरक्षा ऑडिट कराने का निर्देश दिया। साथ ही कहा गया कि घटनास्थल को सुरक्षित रखते हुए वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य एकत्रित किए जाएं, ताकि मामलों के अनुसंधान में तेजी लाई जा सके। बैठक में यह भी कहा गया कि गश्ती के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि आधुनिक तकनीक के बेहतर उपयोग एवं सख्त निगरानी के माध्यम से क्षेत्र में कानून–व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जाएगा।

# मलमास मेला 2026 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित, सुरक्षा मानकों पर विशेष जोर

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** मलमास मेला 2026 की तैयारियों को लेकर अनुमंडल पदाधिक. ारी, राजगीर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेला क्षेत्र में लगाए जाने वाले पंडाल, जर्मन हैंगर, सर्कस, थिएटर, झूला एवं अन्य अस्थायी संरचनाओं की सुरक्षा व्यवस्था एवं तकनीकी मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में संबंधित अभियंताओं एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ स्ट्रक्चरल स्टेबिलिटी, विद्युत सुरक्षा एवं अग्निशमन व्यवस्था की ठोसता के सत्यापन को लेकर समीक्षा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र में स्थापित होने वाले सभी ढांचों का समय पर निरीक्षण एवं सत्यापन सुनिश्चित किया जाए, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुरक्षा में किसी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विद्युत कनेक्शन एवं वायरिंग सुरक्षा मानकों के अनुरूप हों



तथा अग्निशमन विभाग को पर्याप्त अग्निशमन उपकरण एवं सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही संबंधित अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि सभी पंडाल, झूले एवं अस्थायी संरचनाओं की गुणवत्ता एवं मजबूती की जांच निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी कर ली जाए।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन कराया जाएगा तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सभी तैयारियों को समय पर पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

